एचडी जैन कॉलेज ने केन्द्र बना छात्रों को टीका दिलाया

वैक्सीनेशन सेंटर बनाकर छात्र-छात्राओं को दिलाया टीका।

एजुकेशन रिपोर्टर। आरा

एचडी जैन कॉलेज वैक्सिनेशन सेंटर पर कई छात्र-छात्राएं, कर्मचारी एवं शिक्षकगण ने सोमवार को कोरोनारोधी टीका लिया। प्राचार्य डॉक्टर शैलेन्द्र ओझा ने बताया कि बड़े पैमाने पर शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं ने सोमवार को कॉलेज परिसर में टीका लिया। समय-समय पर कोरोना महामारी से लड़ने के लिए टीकाकरण अभियान कॉलेज परिसर में चलाया जाएगा। सभी को कोविशिल्ड का डोज दिया गया। अगिआंव ब्लॉक के चिकित्सक, कार्यपालक सहायक राजेश कुमार एवं प्रतिमा देवी के द्वारा टीका दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ अभय सिंह, डॉ अहमद मसूद, डॉ पूर्ति माहौर, डॉ तबस्सुम बानो, डॉ संजय चौबे, डॉ रंजीत कुमार, डॉ मिथिलेश कुमार, डॉ मालविका तिवारी, डॉ अजय मिश्रा, स्वयंसेवक मनोज कुमार, विकास, निखिल, राजू, पूजा एवं विद्या का महत्वपूर्ण योगदान रहा।